Dainik Bhaskar (Indore), 01st January 2026, Page – 07

# इंदौर के प्रोफेसर की पुस्तक सिलेबस का हिस्सा बनेगी

इंदौर| सीनियर प्रोफेसर वेंकट रमन व आईआईटी प्रोफेसर डॉ. घंटी.एस. मूर्ति की भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित पुस्तक अब कॉलेजों में सिलेबस का हिस्सा बनेगी। कॉलेजों में सभी कोर्स में भारतीय ज्ञान परंपरा को अनिवार्य किया गया है। इसमें केंद्र व राज्य शासन के निर्देश पर यह पुस्तक पब्लिश की गई है। विज्ञान भारती और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा पर प्रकाशित इस पुस्तक का विमोचन तिरुपति में संघ प्रमुख मोहन भागवत व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने किया।